an>

Title : Regarding repair of NH-104 in Bihar.

श्री अशोक कुमार यादव (मधुबनी): महोदय, मैं आपके माध्यम से मिथिलांचल की एक गंभीर समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ ।... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप पूरा विषय लिखकर दीजिए, उसके बाद देखेंगे ।

...(व्यवधान)

श्री अशोक कुमार यादव : महोदय, वर्ष 2002 में जब श्री हुक्मदेव नारायण यादव जी केंद्र सरकार में भूतल परिवहन और राज्य मंत्री थे, तो उस समय उत्तर बिहार में लगभग 700 किलोमीटर को एनएच सड़क में लिया गया था, जिसमें एक एनएच 104 सड़क भी थी । एनएच 104 सड़क के स्वीकृत होने से मिथिलांचल के लोगों में उमंग और उत्साह आया था, लेकिन खेद का विषय है कि अब वहां के लोग निराश होने लगे हैं ।

महोदय, एनएच 104 सड़क मोतिहारी, शिवहर, सीतामढ़ी और नरहिया बाजार को जोड़ती है, जिसमें अधिकांश भाग मधुबनी जिले का पड़ता है । वर्ष 2015 में माननीय प्रधान मंत्री जी के द्वारा इस सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए शिलान्यास किया गया था, लेकिन अभी भी यह सड़क अधूरी पड़ी है ।

महोदय, मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूँ कि यह सड़क बहुत महत्वपूर्ण है । यह सड़क अयोध्या, सीतामढ़ी और जनकपुर को भी जोड़ती है । यह सड़क सीमावर्ती क्षेत्र है और यह सड़क दो एन.एच. को भी जोड़ती है । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि इस सड़क के निर्माण में जो दोषी अधिकारी हैं, कंसल्टेंट हैं, ठेकेदार हैं, उन पर कार्रवाई करते

हुए इस सड़क के निर्माण को अतिशीघ्र कराया जाए । मैं सरकार से यह माँग करता हूँ । धन्यवाद ।